46

# बैठक की कार्यवाही

माननीय प्रति कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 04/01/2021 को 02:00 बजे आई0क्यू0ए0सी0 सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आई0क्यू0ए0सी0 कार्यालय में आहूत की गई। बैठक में आई0क्यू0ए0सी0 समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

1- बैठक में दिनांक 24/10/2019 की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।
2- बैठक में अकादमिक वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 की AQAR रिपोर्ट को संकलित करने एवं अपलोड करने के लिए माननीय कुलपति महोदय से एक समिति के गठन का निवेदन किया जाए।
3- बैठक में सर्वसम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि डॉ0 राजेन्द्र कुमार पांडेय, सहयुक्त आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग, डॉ0 मुकेश कुमार शर्मा, सहयुक्त आचार्य, गणित विभाग, डॉ0 अल्पना अग्रवाल, सहयुक्त आचार्य, मनोविज्ञान विभाग, डॉ0 संजय कुमार, सहयुक्त आचार्य, मनोविज्ञान विभाग, डॉ0 अनुज कुमार, सहयुक्त आचार्य, भौतिकी विभाग, डॉ0 संजीव कुमार शर्मा, सहयुक्त आचार्य, भौतिकी विभाग, डॉ0 राहुल कुमार, सहयुक्त आचार्य, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, डॉ0 संदीप कुमार, सहायक आचार्य, गणित विभाग, डॉ0 सरू कुमारी, सहायक आचार्य, गणित विभाग एवं डॉ0 धर्मेन्द्र प्रताप, सहायक आचार्य, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन इन सभी शिक्षक गणों की विश्वविद्यालय में की गई सेवा के आधार पर प्रोन्नति हेतु माननीय कुलपति महोदय से एक आंतरिक समिति एवं बाह्य विषय विशेषज्ञ सहित एक समिति के गठन का निवेदन किया जाए।

अध्यक्षा महोदय की अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 आर0के0 सोनी<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 एस0 के0 भारद्वाज<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 जे0 के0 ढाका<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी |
| प्रो0 बीरे पाल सिंह<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 दिनेश कुमार<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 विघ्नेश कुमार<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी |
| प्रो0 पवन कुमार शर्मा<br>समन्वयक आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 वाई विमला<br>अध्यक्ष आई0क्यू0ए0सी | |

4/1/21

मा0 कुलपति जी
महोदय,
कृपया IQAC द्वारा कृत कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान करने हेतु सादर प्रेषित है।

05/2/21

05.2.21

# बैठक की कार्यवाही

माननीय प्रति कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 22/06/2021 को 02:30 बजे आई0क्यू0ए0सी0 सदस्यों की एक आवश्यक बैठक समिति कक्ष में आहूत की गई। बैठक में आई0क्यू0ए0सी0 समिति के निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. प्रो0 वाई विमला, — अध्यक्ष आई0क्यू0ए0सी0
2. प्रो0 आर0 के0 सोनी, — सदस्य आई0क्यू0ए0सी0
3. प्रो0 संजय कुमार भारद्वाज, — सदस्य आई0क्यू0ए0सी0
4. प्रो0 दिनेश कुमार, — सदस्य आई0क्यू0ए0सी0
5. प्रो0 बीरपाल सिंह, — सदस्य आई0क्यू0ए0सी0
6. प्रो0 विघ्नेश कुमार, — सदस्य आई0क्यू0ए0सी0
7. प्रो0 पवन कुमार शर्मा, — समन्वयक आई0क्यू0ए0सी0

1- बैठक में दिनांक 04/01/2021 की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

2- बैठक में सर्वसम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि डॉ0 यशवेन्द्र सिंह, सहायक आचार्य, विष विज्ञान विभाग एवं डॉ0 दुष्यन्त कुमार चौहान, सहायक आचार्य, जन्तु विज्ञान विभाग इन दोनों शिक्षकों की विश्वविद्यालय में की गई सेवा के आधार पर 6000 ए0जी0पी0 से 7000 ए0जी0पी0 एवं 7000 ए0जी0पी0 से 8000 ए0जी0पी0 में प्रोन्नति हेतु माननीय कुलपति महोदय से एक बाह्य विषय विशेषज्ञ सहित एक समिति के गठन की अनुशंसा की।

3- समिति ने आई0क्यू0ए0सी0 के सदस्यों के अतिरिक्त प्रो0 एस0 एस0 गौरव, एवं प्रो0 शैलेन्द्र शर्मा, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, प्रो0 पी0 के0 मिश्रा, शिक्षा विभाग, प्रो0 अनिल कुमार मलिक, भौतिक विज्ञान विभाग एवं डॉ0 मुकेश कुमार शर्मा, गणित विभाग को भी आवेदन–पत्रों की पात्रता जाँच समिति के सदस्य के रूप में सहबद्ध (को–ऑप्ट) किया।

4- बैठक ने दो–दो सदस्यों की 08 समितियों का गठन किया। जिसमें गणित, सूक्ष्म जीव–विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान विषय के आचार्य पद तथा वनस्पति विज्ञान एवं सांख्यिकी विषय के सह–आचार्य पद के आवेदन–पत्रों की जाँच प्रो0 आर0के0 सोनी **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 जयमाला **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)**; अर्थशास्त्र एवं समाज शास्त्र विषय के आचार्य पद तथा अर्थशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी एवं मनोविज्ञान विषय के सह–आचार्य पद के आवेदन–पत्रों की जाँच प्रो0 दिनेश कुमार **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 विघ्नेश कुमार **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)**; समाज शास्त्र विषय के सहायक आचार्य पद के आवेदन–पत्रों की जाँच प्रो0 विघ्नेश कुमार **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 मुकेश कुमार शर्मा **(सदस्य, को–ऑप्ट)**; भौतिक विज्ञान विषय के सहायक–आचार्य पद के आवेदन–पत्रों की जाँच प्रो0 बीरपाल सिंह **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 अनिल कुमार मलिक **(सदस्य, को–ऑप्ट)** तथा प्रो0 संजय कुमार भारद्वाज **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 शैलेन्द्र शर्मा **(सदस्य, को–ऑप्ट)**; अंग्रेजी एवं राजनीति विज्ञान विषय के सहायक आचार्य पद के आवेदन–पत्रों की जाँच प्रो0 पवन कुमार शर्मा **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 वाई. विमला **(अध्यक्ष, आई0क्यू0ए0सी0)**; शिक्षा शास्त्र विषय के सहायक–आचार्य पद के आवेदन–पत्रों की जाँच प्रो0 दिनेश कुमार **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 पी0 के0 मिश्रा **(सदस्य, को–ऑप्ट)** एवं अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विषय के सहायक आचार्य पद के आवेदन–पत्रों की जाँच प्रो0 संजय कुमार भारद्वाज **(सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0)** एवं प्रो0 एस0 एस0 गौरव **(सदस्य, को–ऑप्ट)** द्वारा की जायेगी। सभी समितियों के साथ सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष सम्बन्धित आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग में सदस्य होंगे। यदि सदस्य स्वयं विभागाध्यक्ष है तो उस विभाग के आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग के समय सम्बन्धित संकायाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। समिति के समन्वयक का कार्य सम्बन्धित विभागाध्यक्ष करेंगे

और इस आशय के पत्र के निर्गत होने के 05 दिन के अन्दर समस्त आवेदन पत्रों की जाँच कार्य को सम्पन्न करके पूरी समिति के हस्ताक्षर कराके आई0क्यू0ए0सी0 को प्रस्तुत करेंगे।

5- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा विषयों के एलाइड/ रेलेवेन्ट विषयों की सूची के सम्बन्ध में उ0 प्र0 शासन के शासनादेश को एवं निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय आदि संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों के शिक्षण अनुभव के संबन्ध में उ0 प्र0 शासन के पत्राचार को कुलसचिव जी से प्राप्त किया जाए, जिससे आवेदन–पत्रों की जाँच सुगमता से सम्पन्न हो सके।

6- समिति ने जुलाई माह में रा0 शि0 नीति 2020 के आलोक में मूक्स (Moocs) के प्रशिक्षण हेतु एक 07 दिवसीय कार्यशाला एवं अगस्त माह में NAAC की जागरुकता के दृष्टिकोण 01 दिवसीय वेबगोष्ठी के आयोजन का निश्चय किया।

7- अध्यक्षा महोदय की अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 आर0के0 सोनी<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 एस0 के0 भारद्वाज<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 बीर पाल सिंह<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी |
| प्रो0 दिनेश कुमार<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 विघ्नेश कुमार<br>सदस्य आई0क्यू0ए0सी | प्रो0 पवन कुमार शर्मा<br>समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी |

24/6/21
प्रो0 वाई विमला
अध्यक्ष, आई0क्यू0ए0सी

Approved
24/6/21